2

सड़कों पर उतरेंगी पैकेजिंग एसोसिएशन

नई दिल्ली, 19 फरवरी (ब्यूरो)। उत्तर भारत की क्राफ्ट पेपर मिलों द्वारा पैकेजिंग पेपर पर एक माह के भीतर तीन से चार हजार प्रति टन की बढ़ोतरी के विरोध में विभिन्न पैकेजिंग एसोसिएशनों ने सड़क पर उतरने का फैसला किया है। एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर तीन मार्च को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेगा।

एसोसिएशन की संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक हरीश मदान ने कहा कि मुश्किल भरे समय में पैकेजिंग उद्योगों को चलाना अब असंभव हो गया है। कोरोगेटिड पैकेजिंग उद्योग बड़ी पेपर मिलों व बड़े उपभोक्ताओं के बीच पिसकर रह गई है।

ika.com
राजस्थान पत्रिका
य एषु सुप्तेषु जागर्ति
जयपुर, शनिवार
20 फरवरी, 2010